वार्षिक अकादमिक पैनल पर्यवेक्षण संपन्न

छबड़ा। छबड़ा तापीय विद्युत परियोजना के आवासीय परिसर में स्थित केन्द्रीय विद्यालय सीटीपीपी में वार्षिक अकादमिक पैनल पर्यवेक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्काउट-गाइड एवं बुलबुल के छात्रों एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने स्वनिर्मित कार्ड देकर पर्यवेक्षण दल का स्वागत किया। तदुपरांत संस्कृत शिक्षक यदुनंदन गौतम ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करवाया। प्राचार्य रामकरण मीणा ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन जयपुर संभाग की सहायक आयुक्त इंदिरा मुद्गल के नेतृत्व में केंद्रीय विद्यालय सवाई माधोपुर के प्राचार्य राजेश्वर सिंह, केंद्रीय विद्यालय नं 5 जयपुर के उप प्राचार्य केआर मीना और पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 कोटा के मुख्याध्यापक तरुण मालव के दल ने विद्यालय का निरीक्षण किया। प्रार्थना सभा में 'भाषा अनेक भाव एक' एवं 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रार्थना सभा में केंद्रीय विद्यालय संगठन के विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों तथा गतिविधियों को झांकी नजर आई। सहायक आयुक्त मुद्गल ने विद्यार्थियों को कहानी के माध्यम से सद्व्यवहार करने की सीख दी एवं तनाव मुक्त रहकर अपना सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य मीणा ने पर्यवेक्षण दल का स्वागत करते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के लक्ष्यों को हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई। एक पेड़ मां के नाम कायक्रम के तहत सभी से पेड़ लगाने का आह्वान किया।